तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा




सिलपट में माता कर्मा जयंती मनाई एवं साहू ... 12


भाजपा स्थापना दिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम ... 12


## सियासत : एसडीएम के निर्णय पर विधायक बिफरीं, किया चक्काजाम और दिया धरना

# चारामा जनपद सभापति पद पर कांग्रेस की हुई जीत के बाद चुनाव फिर स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

जनपद पंचायत चारामा के सभापति चुनाव में कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य के जीत जाने के बाद एसडीएम को प्रमाण पत्र देना चाहिए, परंतु एसडीएम के द्वारा प्रमाण पत्र दिए बिना चुनाव स्थगित कहते हुए चुनाव कक्ष से निकल गए। खबर मिलते ही विधायक सावित्री मंडावी एवं अन्य कांग्रेसी जनपद कार्यालय पहुँचे और एसडीएम को काल किया, परंतु उनका मोबाईल बंद बता रहा था। विधायक व कांग्रेसी जनपद पंचायत कार्यालय में धरने पर बैठ गए और दो घंटे तक इंतजार किया। दो घंटे तक एसडीएम के नहीं आने पर विधायक व कांग्रेसी कोरर चौक पर पहुँचकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। विधायक ने कहा बीजेपी लगातार लोकतंत्र की हत्या करने मैं लगी हुई हैं।

- कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य की जीत पर नहीं दिया प्रमाण
- जनपद पंचायत परिसर में दो घंटे तक हड़ताल पर रहे कांग्रेसी
- दो घंटे तक एसडीएम के नहीं पहुँचने पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कर दिया चक्काजाम

जनपद पंचायत चारामा चुनाव इस बार भारी विवादित रहा, जिसमें जनपद सदस्य चुनाव से लेकर अध्यक्ष , उपाध्यक्ष चुनाव भारी गहमा-गहमी रही। जनपद चुनाव के बाद अध्यक्ष के लिए कांग्रेस के पास अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए बहुमत के बाद कांग्रेस का अध्यक्ष बनना तय था, लेकिन अध्यक्ष चुनाव को प्रशासन ने दो बार स्थगित कर दिया, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला और क्रास वोटिंग में भाजपा जनपद अध्यक्ष बनाने में कामयाब रहे। जनपद के लिए शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 4 अप्रैल को जनपद सभापति का चुनाव होना था, जिसमें कांग्रेस की ओर से रमशीला मंडावी को 08 तथा भाजपा उम्मीदवार संतोषी सिंन्हा को 07 वोट मिला, वहीं 02 मत रिजेक्ट हो गया। कांग्रेस के सभापति बनने की घोषणा होने के उपरांत जनपद सभाकक्ष में भाजपाई पहुंच गए, जिसका कांग्रेस सदस्यों ने विरोध किया और पीठासीन अधिकारी एसडीएम ने चुनाव स्थगित कर दिया। प्रमाण पत्र देने के बजाय चुनाव स्थगित कर देने से विधायक सावित्री मंडावी सहित कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य व कांग्रेस कार्यकर्ता जनपद आफीसर के सामने धरना पर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे ।

### दो घंटे के बाद एनएच पर किया चक्काजाम

जनपद पंचायत पर दो घंटे तक चक्काजाम में बैठने के उपरांत प्रशासन के द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने पर विधायक व कांग्रेसी कोरर चौक पर एकत्र होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चक्काजाम कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर रहे कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया।





### भाजपा का थाम लिया था दामन

कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य संतोषी सिन्हा जनपद क्षेत्र क्रमांक 03 से विजयी हुयी थी। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में क्रास वोटिंग से भाजपा से अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस से शक की सुई इन्हीं पर टिकी हुई थी इसके बाद जनपद सदस्य संतोषी सिंन्हा ने 2 अप्रैल को स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन के समक्ष भाजपा प्रवेश कर लिया था।

### प्रशासन की निंदा, धरना जारी रहेगा

विधायक सावित्री मांडवी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सायं 4 बजे से जनपद पंचायत कार्यालय के सामने बैठे रहे। जनपद सीईओ, थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार विधायक को मनाने पहुंचे, किंतु कार्यकर्ताओं सहित विधायक ने चुनाव प्रक्रिया में लापरवाही को लेकर सरकार व प्रशासन की निंदा करते हुए कहा कि जब तक प्रशासन की ओर से चुनाव अधिकारी की ओर से संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिल जाता धरने पर बैठी रहेगी।

### एसडीएम का मोबाइल बंद बताया

चारामा एसडीएम नरेंद्र बाजार से इस मामले की हकीकत जानने के लिए दोपहर साढ़े तीन बजे से कई बार काँल किया गया, परंतु उनको मोबाईल लगातार बंद बताता रहा। एसडीएम से बात नहीं होने पर घटना की सही जानकारी का पता नहीं चल सका।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# कार्यकारी अध्यक्ष ने हड़ताली सचिवों का बढ़ाया मनोबल, संघर्ष जारी रहेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्रदेशभर में पंचायत सचिवों द्वारा हड़ताल की जा रही है। इसी तारतम्य में प्रदेश पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कोमल निषाद भानुप्रतापपुर पहुचें और जनपद के सामने धरने पर बैठे सचिवों का मनोबल बढ़ाया। जिलास्तर पर 7 अप्रैल को रैली निकालने का निर्णय लिया गया है।

- 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकालकर कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन

कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी अपने एक सूत्री मांग शासकीयकारण को लेकर विगत 17 मार्च से आज पर्यंत अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन में डटे हुए है। इसके पहले सन 1995 से लेकर आज पर्यंत जो आंदोलन जिस प्रकार से भी हुआ है, उसमें अनुकूल स्थिति या प्रतिकूल स्थिति रही हो फिर भी हम सभी ने तन मन और धन से संघर्ष करते आए। हमारे समक्ष अनुकूल स्थिति है, जो की हम सभी के लिए मार्गदर्शन करने वाले हैं। प्रदेश के अधिकांश 95 प्रतिशत ग्राम पंचायत में सरपंच को प्रभार नहीं मिल पाया है, जिसके चलते ग्राम पंचायत के समस्त कार्य पूर्णता प्रभावित है। इस समय हमारे समक्ष केवल एक ही जुनून हो, कि हम सभी मिलकर इस महायज्ञ को जिसमें सरकार की दमनकारी नीति एवं दोगलापन से संघर्ष करते हुए मंजिल तक पहुंचना ही है। अभी हम सभी के लिए परीक्षा की घड़ी है आई है , इस घड़ी में अपने-अपने सब्र का बल बनाए रखें, अनुकूल परिस्थिति में मंजिल जरूर मिलेगा। किसी भी परिस्थिति में बिना शासकीयकरण के आदेश के आंदोलन जारी रहेगी, चाहे जो भी परिस्थितियों से सामना करना पड़े। कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती, हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है। संघर्ष से ही सब ने जीता है, संघर्ष से हिटलर भी हारा है। इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक मोहन भारतद्वाज, जिलाध्यक्ष शंम्भू साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी रामकरण सिन्हा के अलावा विकासखंड के सभी सचिव उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल की बैठक में स्थापना दिवस पर चर्चा

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की बैठक 4 अप्रैल को कमल सदन अलबेलापारा में हुआ, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 से 14 अप्रैल भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जयंती तक पखवाड़ा कार्यक्रम अभियान चलाया जाएगा। भाजपा परिवार के घर झण्डा लगाना, मंदिर अस्पताल व गलियों स्वच्छता अभियान, आंगनबाड़ी, केन्द्र या स्कूल, पशु चिकित्सालय व अन्य सरकारी संस्थानों में दौरा करना, चौक चौराहो पर चौपाल लगाकर सरकार कि योजनाओं कि जानकारी लेना, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं, आपातकाल में गिरफ्तार हुए व्यक्तियों व सेवकों को सम्मानित करना, बूथ समिति कि बैठक करना, हर घर पहुंचकर सरकार कि योजनाओं कि जानकारी देना ऐसे बहुत से कार्य किया जाएगा।

### भैरम मंदिर में अखंड रामायण पाठ आज से

**जगदलपुर।** भैरम मंदिर में 5 और 6 अप्रैल को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका वाचन तितिरगांव मंडली द्वारा किया जाएगा। अखंड रामायण शनिवार को दोपहर 2 बजे से शुरू होकर रविवार को दोपहर 2 बजे समाप्त होगी। समाप्ति पश्चात आरती, हवन , प्रसाद वितरण, महाभंडारा किया जाएगा। शाम 6 बजे भंडारा होगा।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प लाईवलीहुड कॉलेज में 8 को

**कोण्डागांव।** जिला कोण्डागांव एवं अन्य जिले के शिक्षित युवक-युवतियों के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र तथा मॉडल कैरियर सेन्टर कोण्डागांव द्वारा 8 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगारी अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा अपनी-अपनी संस्थाओं में कुल 77 पदों पर कार्य करने के लिए भर्ती ली जाएगी। इसमें प्रोग्राम मैनेजर, कलस्टर मैनेजर, स्कूल सपोर्ट ऑफिसर और ट्रेनिंग मैनेजर के पद शामिल हैं। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक एवं पात्र युवक एवं युवतियां अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, अपडेटेड सी.व्ही., रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार एवं पैनकार्ड आदि मूल दस्तावेज, छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### पंचायत सचिव संघ मांग को लेकर हड़ताल पर डटा

**दरभा।** पूरे बस्तर संभाग में पंचायत सचिव शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सचिव छत्तीसगढ़ राज्य एसोसिएशन के बैनर तले हजारों पंचायत सचिव अपने हक के लिए सड़कों पर उतर चुके हैं। पंचायतों के विकास कार्य ठप हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### राज्य सरकार कर रही है अनदेखी : सचिव संघ

# सचिवों की हड़ताल से पंचायत का कामकाज पड़ा ठप्प, नए सरपंचों को भी नहीं मिल पाया है प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बांसकोट

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद से सचिवों के हड़ताल ने ग्राम पंचायतों के कामकाज ठप्प पड़ गए हैं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन ने पंचायतों में ताला बंदी की स्थिति ला दिया है। और पंचायतों के मूलभूत कार्यों जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जॉब कार्ड जैसे कार्यों के लिए पंचायतों के कई चक्कर लगाने के बाद भी हितग्राहियो को भटकना पड़ रहा है। कोंडागांव जिले के विकास खंड बड़ेराजपुर के अन्तर्गत आने वाले 49 ग्राम पंचायतों के सचिवों के हड़ताल में जाने 16 दिन बाद भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से




ग्राम पंचायतों के काम काज में असर पड़ा है। बड़ेराजपुर सचिव संघ के अध्यक्ष सुखलाल मरकाम उपाध्यक्ष रैनु राम मरकाम, चम्पा साहू कोषाध्यक्ष इंदल मरकाम ने प्रदेश के भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत सभी पंचायत सचिवों का शासकीय करण करने का वादा किया गया था किन्तु चुनाव के एक साल बीतने के बावजूद भी अब तक प्रदेश सरकार के कानों में जू भी नहीं रेंग रही है। वो सचिवों के हित को लेकर कुछ भी नहीं कर रहीं है और छत्तीसगढ़ सरकार पूरी तरह से कुम्भकर्णीय नींद में सोई हुई है। हमारी एक सूत्रीय मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि हम सब निचले स्तर के कर्मचारी है सरकार की हर योजनाओं को गावों तक हर व्यक्ति तक पहुंचाने में हम सबका महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रदेश सरकार हमारी जायज मांग तत्काल पूरा करें। धरना स्थल में नितिशा मानिकपुरी, तुलसी नाग,अनीता मरकाम गीता मरकाम, लक्ष्मी निषाद नथलु शोरी, माखन मरकाम उपस्थित रहे।

# मनरेगा श्रमिकों को मिलेगी प्रति दिन 261 रुपये की दर से मजदूरी




हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रोजगार मूलक कार्य हेतु शासन ने 18 रुपये की बढोत्तरी करते हुए 261 रुपये प्रति दिवस किया गया है। योजना अंतर्गत पूर्व वित्तीय वर्ष में 243 रुपये मजदूरी प्रदाय किया जा रहा था। उक्त बढ़ी हुई मजदूरी दर अकुशल श्रमिकों को दिनांक 01 अप्रैल 2025 से मिलना प्रारंभ हो जाएगा। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत तकनीकी प्राक्कलन बढ़ी हुई मजदूरी के अनुसार बनाया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के द्वारा बताया गया है कि 261 रुपये मजदूरी दर की जानकारी समस्त ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड में चस्पा करने के निर्देश रोजगार सहायकों को दिए गए हैं। साथ ही साथ दीवाल लेखन कर प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए है।

8521 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार प्रदाय कर लाभन्वित किया - कोंडागांव जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लेबर बजट कुल 23.50 लाख स्वीकृत हुआ था जिसके विरुद्ध दिनांक 31.03.2025 की स्थिति में कुल 29.95 लाख मानव दिवस सृजित किया गया है जो की दिए गए लक्ष्य का 129.16 प्रतिशत है। साथ ही साथ 8521 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार प्रदाय कर लाभन्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले को कुल 16.42 लाख मानव दिवस का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिस के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्ययोजना के अनुसार कार्यों की स्वीकृति प्रदाय कर लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जाएगा।

## देवी दर्शन कर समृद्धि और खुशहाली की कामना



**दंतेवाड़ा।** राज्यपाल रमेन डेका ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के आज दर्शन किए। राज्यपाल ने मां दंतेश्वरी की पूजा- अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## परिधान और आभूषण देख अभिभूत हुए राज्यपाल



**दंतेवाड़ा।** राज्यपाल रमेन डेका ने बस्तर पंडुम में बस्तर के सभी सातों जिले के जनजातीय समुदाय द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनजातीय परिधान, वस्त्र, आभूषण सहित साज-श्रृंगार के विविध सामग्रियों को देख अभिभूत हुए और जनजातीय समाज के सदस्यों से जानकारी ली। राज्यपाल ने देवी-देवताओं के पूजा-अर्चना सहित वैवाहिक एवं अन्य संस्कारों में उपयोग करने वाले परम्परागत जनजातीय वाद्य यंत्रों ढोल, मांदर, मोहरी, तुहरी इत्यादि सहित जनजातीय समुदाय के जीवन शैली से संबंधित पर्यावर्णीय अनुकूल स्थानीय औजारों एवं कृषि यंत्रों को भी बारीकी से देखा और जानकारी प्राप्त कर जनजातीय समुदाय की समृद्ध संस्कृति को अद्वितीय निरूपित करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# नवरात्रि पर निकाली चुनरी यात्रा मातृ शक्ति ने किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

बिजली ऑफिस दुर्गा मंदिर से नयापारा दुर्गा मंदिर तक मनोकामना पूर्ति चुनरी यात्रा नगर के श्रद्धालुओं द्वारा निकाला गया। हिन्दू रक्षा समिति भानुप्रतापपुर द्वारा नगर के खुशहाली समृद्धि की मनोकामना के लिए यह आयोजन किया गया। इससे बड़ी संख्या में मातारानी के भक्त शामिल हुए जो बिजली ऑफिस दुर्गा मंदिर से शुरू होकर नयापारा दुर्गा मंदिर में सम्पन्न हुई।

विशाल चूनरी माता को अर्पित किया गया। दुर्गा मंदिर समिति द्वारा प्रवेश द्वार पर आरती पूजा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात माता को सभी के द्वारा चूनरी चढ़ाया गया। भानुप्रतापपुर सर्व हिंदू समाज द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्र के पावन अवसर पर माता की चुनरी यात्रा निकाली जाती है, जिसमें नगर के माता रानी के



सभी भक्त बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इसी कड़ी में 4 अप्रैल को शाम 6 बजे से दुर्गा मंदिर बिजली ऑफिस से चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें माता रानी के भक्त शामिल हुए। डीजे के धुन के साथ यह यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई राम जानकी हनुमान मंदिर पहुंची, जहां पर मंदिर समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद राम जानकी हनुमान मंदिर से यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नयापारा दुर्गा मंदिर में जाकर समापन हुआ। मुख्य चौक पर पटाखे फोड़ कर भक्तों ने इस चुनरी यात्रा का स्वागत किया। नगर पर खुशहाली समृद्धि के लिए हिंदू समाज ने विशाल चुनरी नयापारा के दुर्गा मंदिर में माता को अर्पित किया। चुनरी यात्रा समापन के बाद दुर्गा मंदिर समिति द्वारा सभी के लिए जलपान और फलाहार की व्यवस्था कर प्रसाद वितरण किया गया।

# सैम मानेकशॉ की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव ने आज भारतीय सेना के पहले फील्ड मार्शल सैम बहादुर मानेकशॉ की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान फील्ड मार्शल सैम बहादुर मानेकशॉ अमर रहें और भारतमाता की जय के गगनभेदी नारे लगाए गए। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने इस अवसर पर कहा कि सैम मानेकशॉ, जिन्हें सैम बहादुर और सैम द ब्रेव के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय सेना के महानतम सैन्य नायकों में से एक थे। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान वे सेना प्रमुख थे और उनके नेतृत्व में भारत ने एक ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। वे फील्ड मार्शल का पद पाने वाले पहले भारतीय थे। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि फील्ड



मार्शल सैम मानेकशॉ का जीवन भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनकी सैन्य रणनीति, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती सहित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा-युवतियां उपस्थित रहे। सभी ने सैम मानेकशॉ के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# जिले में चल रहा है हैंडपंप संधारण काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए हैंड पंप के संधारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या न हो इसके लिए विभिन्न टेक्निशियनों के माध्यम से पुराने व बंद पड़े हैंड पंप का सुधार कार्य कराया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता वीरेन्द्र पाण्डे ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीणों को पेयजल के लिए कोई असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए जिले में हैंड पंप के सुधार कार्य के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले में पेयजल व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला स्तर पर प्रभारी



अधिकारी पी. एन. तालुकदार, हैण्डपंप तकनीशियन, कोण्डागांव जनपद स्तर पर अजय कुमार टोप्पो, उप अभियंता, माकड़ी जनपद के लिए सी.एस. सोनवानी उप अभियंता, फरसगांव जनपद स्तर पर आर.पी. जोशी, उप अभियंता, केशकाल जनपद स्तर पर किशोर कुमार कोल्हे सहायक अभियंता और बड़ेराजपुर जनपद स्तर पर कु. निभा कोर्राम, उप अभियंता को दायित्व सौंपा गया है।

### टोल-फ्री नं. किया गया जारी

जिले के किसी भी गांव में पेयजल की समस्या होने पर अथवा हैंडपंप खराब हो जाने पर इसकी शिकायत जिला स्तर या संबंधित जनपद स्तर के प्रभारी अधिकारियों के मोबाईल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही पेयजल समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबरजारी किया गया है।

# कोट गुड़िन माता मड़ई में विधायक ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा

ग्राम पंचायत डिलमिली में विधायक विनायक गोयल ने कोट गुड़िन माता मड़ई में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने का संकल्प लिया। साथ ही इस मौके पर 1.5 मीटर पुलिया का निर्माण कार्य भी सम्पन्न हुआ, जिसका कुल लागत 2.30 लाख रुपए थी। इस पुलिया के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन



में होने वाली कठिनाइयों में राहत मिलेगी और स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए ग्राम पंचायत डिलमिली कोट के सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया। आने वाले समय में ऐसे और विकासात्मक कार्यों को गति देने के लिए सभी लोग मिलकर काम करेंगे ताकि क्षेत्र की समृद्धि और विकास सुनिश्चित हो सके। लोकार्पण समारोह में विधायक समेत तोकापाल जनपद उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जिला मंत्री बाबुल नाग, मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, सरपंच रमेश, चन्द्रकांत भण्डारी, दुर्जन सिंह कश्यप और अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने की बात की।

# ट्रक की ठोकर से एक्टिवा चालक की मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 नंदनमारा पेट्रोल पंप के पास ट्रक की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि मृतक कोरर थानांतर्गत ग्राम बरचेगोंदी निवासी 36 वर्षीय सहदूर कावड़े पिता राम सिंग कावड़े 2 अप्रैल को सुबह 11 बजें घर से अपनी पत्नी बच्चे के साथ ससुराल ग्राम मरदापोटी गया था और ससुराल में अपने पत्नी व बच्चों को छोड़कर स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 05 एएच 0329 में सवार होकर वापिस बरचेगोंदी घर जा रहा था। शाम करीबन 5 बजे ग्राम नंदनमारा पेट्रोल पंप एनएच 30 बाईपास रोड के पास माकड़ी के ओर से आ रही ट्रक



वाहन क्रमांक सीजी 17 केडब्ल्यू 9208 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाकर वाहन क्रमांक सीजी 05 एएच 0329 के चालक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गंभीर चोट आया था। ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान सहदूर कावड़े का मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 17 केडब्ल्यू 9208 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

# जमीन मुआवजे की मांग पर किसानों ने दी रेल रोको आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

रेल्वे से प्रभावित किसान सात सालों से रेल्वे, बीएसपी और प्रशासन के सामने माँग को पूरा करने के लिए आवेदन लगातार देते आ रहे है, परंतु कोई सुनवाई नहीं होने पर एसडीएम को ज्ञापन देकर अनिश्चितकालीन समय तक के लिए रेल रोको आंदोलन करने का अल्टीमेटम दिया है।

किसानों के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में लिखा है कि हमारी माँग है कि राजस्व भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उसी के समान वन अधिकार की व्यक्तिगत भूमि का भी अधिग्रहण कानूनन किया जाए। रेलवे से प्रभावित किसान चाहे वह राजस्व पट्टाधारी हो या वनपत्र धारक हो उनको समान रूप से उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी दिया जाए और किसानों के बच्चों को स्कूल और अस्पताल की सुविधाएं दी जाए। उक्त मांगे को प्रभावित किसान की ओर से पिछले



7 वर्षों से लगातार शासन प्रशासन एवं रेलवे, बीएसपी से माँग किया जा रहा है। इसके अलावा 21 दिसंबर 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रेलवे के अधिकारी और बीएसपी के अधिकारी एवं प्रभावित किसान के साथ बैठक किया गया था, लेकिन आज तक हमारी मांग पूर्ण नहीं किया गया है। हमारे जीविकोपार्जन के साधन को छीना गया है, जमीन से ही जीवन यापन हो रहा था। प्रभावित किसान रेलवे, बीएसपी और प्रशासन से नाराज है। किसानों का कहना है कि हमारी माँगो को 8 अप्रैल तक पूरा नहीं किया गया तो हम किसान रेल रोको आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। आंदोलन के दौरान होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी विभाग की होगी। प्रभावित किसानों ने इसी विषय पर ज्ञापन प्रशासन, रेलवे और बीएसपी को सौंपा है।

# ग्राम पंचायत कुम्हारपारा एवं चिखलपुटी में आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत कुम्हारपारा एवं चिखलपुटी में नव निर्वाचित सरपंच, उप सरपंच एवं पंचगण की उपस्थिति में नशामुक्ति के लिए सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान नशे से होने वाले दुष्प्रभावों एवं संबंधित बीमारियों की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत चिखलपुटी के नव निर्वाचित पंचगण ने अपने गांव को शत-प्रतिशत नशा मुक्त करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज कल्याण के अधिकारियों द्वारा नशा मुक्ति केंद्रों की सुविधाओं एवं सेवाओं के बारे में भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत माकड़ी एवं फरसगांव क्षेत्र के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नशामुक्त भारत अभियान के तहत



जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच, उप सरपंच, पंचगण एवं ग्रामीणों को राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना की जानकारी दी गई। योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती ललिता लकड़ा, विभागीय कर्मचारी श्रीमती सुनीता साहू, रमेश मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिपं स्थायी समितियों का किया गया गठन

**कांकेर।** जिला पंचायत कांकेर की स्थायी समिति के गठन की कार्यवाही के लिए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार प्राधिकृत पीठासीन अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी द्वारा जिला पंचायत के समस्त नवनिर्वाचित सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से 07 स्थायी समितियां गठित की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन समिति के लिए किरण नरेटी को सभापति बनाया गया है। इसी प्रकार शिक्षा समिति के लिए ताराबती ठाकुर, कृषि समिति के लिए दिपंकर राय, संचार तथा संकर्म समिति के लिए सुनिता मण्डल, सहकारिता और उद्योग समिति के लिए देवेन्द्र कुमार टेकाम, वन समिति के लिए कामनी उसेंडी और स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समिति लिए तिजेश्वरी सिन्हा को सभापति नियुक्त किया गया है।

# बस्तर में जल संकट की स्थिति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले के 22 पंचायतों के ग्रामीण जल संसाधन विभाग के कार्यालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर इंद्रावती नदी के एनीकट को खोलने की मांग की है, जिससे उनकी पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान हो सके।

■ इंद्रावती एनीकट खोलने की मांग

किसानों के अनुसार, इस जल संकट के कारण उनकी कृषि गतिविधियां ठप पड़ गई हैं और पीने के पानी के लिए उन्हें दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है। फसलें सूख रही हैं, जल स्त्रोतों की स्थिति भी बिगड़ गई है और दिन-प्रतिदिन यह समस्या और अधिक गंभीर होती जा रही है। इंद्रावती नदी का एनीकेट खोलने से न केवल पानी की समस्या का समाधान होगा बल्कि कृषि उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। आज जल संसाधन विभाग बस्तर संभाग का लोकार्पण समारोह में नाराज की किसानों ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों से मुलाकात की समय की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि प्रभावित क्षेत्र के किसानों और इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति की बातों को गंभीरता से सुना जाए। हालांकि, प्रशासन ने इन मुद्दों पर अब तक कोई गंभीर कदम नहीं उठाया है, जिससे ग्रामीणों और किसानों में नाराजगी का माहौल बन गया है। किसानों ने कहा है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे कलेक्टर कार्यालय और जल संसाधन विभाग के कार्यालय को घेरने का कड़ा कदम उठाएंगे। इस दौरान लखेश्वर कश्यप, सुभाष कश्यप , पूरन सिंह कश्यप, कृपालु कश्यप एवं अन्य किसानों उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति सचिव सुभाष कश्यप ने कहा कि विधायक, सांसद और मंत्री इंद्रावती नदी प्रभावित क्षेत्र के लोगों की पीड़ा पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जो कि एक गंभीर और दुखद बात है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया है कि कलेक्टर पानी बचाने के नाम पर उन्हें नजरअंदाज कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। प्रशासन का यह रवैया अस्वीकार्य है और यह बस्तर के ग्रामीणों के लिए बड़ा अन्याय है।

### मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा है कि वे तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक कि उनकी मांग पूरी नहीं होती। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है ताकि जल संकट का समाधान किया जा सके और बस्तर जिले के लोगों को राहत मिल सके। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और अन्य उच्च अधिकारियों से भी हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि इस संकट का समाधान शीघ्र किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि समय पर समाधान नहीं किया गया तो यह संकट और भी गंभीर रूप ले सकता है और इससे जीवन के कई पहलू प्रभावित होंगे।

## राज्यपाल का कारली हेलीपैड में आत्मीय स्वागत...



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के दंतेवाड़ा आगमन पर कारली हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। उनके साथ सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना भी आए। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सूखे से जूझ रही जीवनदायनी इंद्रावती को बचाने मुक्ति मोर्चा की टीम पहुंची ओड़िशा के कोरापुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद 4 अप्रैल को मोर्चा के पदाधिकारीयों के साथ ओडिशा के कोरापुट जिला पहुंचे। कोरापुट कलेक्टर से मुलाकात कर जल बंटवारे समझौते के तहत निर्धारित जल छत्तीसगढ़ सीमा में बह रही नदी में छोड़ने एवं वर्तमान में उत्पन्न सूखे की स्थिति से समस्या से समाधान को लेकर चर्चा किया। मुक्ति मोर्चा ने कलेक्टर सहित जल संसाधन मंत्री ओडिशा के नाम व कलेक्टर को अपना ज्ञापन सौंपा गया। नवनीत ने कहा कि इस नदी के माध्यम से दोनों प्रदेश के सीमावर्ती किसान सिंचाई के माध्यम से दूरी फसल का लाभ प्राप्त करते हैं बांध एवं घरेलू व्यवस्था से जल आपूर्ति का कार्य संपन्न होता है। नवनीत ने कहा है कि ओडिशा सीमा में बह रही नदी की सहायक नाला जोरानाला में अतिरिक्त खुदाई गहराई के कारण छत्तीसगढ़ राज्य की ओर आने वाला 70 प्रतिशत नदी का पानी जोरा नाला में बह रहा है । उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर यहां भी बस्तर कलेक्टर और जिला संसाधन के जिम्मेदारों के समक्ष भी मोर्चा यही बात रखेगी। विदित हो की मोर्चा नवनीत के नेतृत्व में इंद्रावती नदी पर पहले से अपनी आवाज उठाते आई है। मोर्चा का प्रयास इस गंभीर समस्या पर शीघ्र फैसला हो, क्योंकि चिड़िया चुग गई खेत वाली बात नहीं होनी चाहिए। नवनीत ने कहा कि केंद्रीय जल आयोग के निर्देश पर पूर्व में 24 दिसंबर 2003 को दोनों राज्य के जल संसाधन अभियंता स्तर की बैठक हुई थी तब ग्राम सुतपदर में स्ट्रक्चर निर्माण किए जाने की बात तय हुई थी इसे लेकर छत्तीसगढ़ सरकार ने उड़ीसा को 49.00 करोड़ प्रदान किया था या 2011 में आरंभ होकर 2016 तक खत्म होना था परंतु अभी तक उड़ीसा राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा यह निर्माण कार्य नहीं हो सका है जिसके चलते रेत जमा हो गया और पानी छत्तीसगढ़ में कम , समस्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मुक्ति मोर्चा आखिरी तक बस्तर में जल जमीन जंगल के साथ इंद्रावती नदी के गरिमा और अस्तित्व को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखेगा। कोरापुट कलेक्टर द्वारा बस्तर के जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश देने के साथ-साथ बस्तर जिला प्रशासन और कोरापुट जिला प्रशासन का संयुक्त निरीक्षण और समस्या के निराकरण की पहल करने की बात की गई।

इस दौरान मुख्य संयोजक नवनीत चांद, मंडल अध्यक्ष मेहताब सिंह, संभाग महासचिव जेवियर जॉन, युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु आनंद, बस्तर विधान सभा अध्यक्ष नीलांबर बघेल, बस्तर विधान सभा उपाध्यक्ष नरपति बघेल, बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शंकर कश्यप कार्यालय प्रभारी के. जॉन आकाश उपस्थित थे।

# अध्यक्ष लिबरू राम व उपाध्यक्ष दुर्गावती चुने गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा जनपद पंचायत सभागार में 2 अप्रैल को सरपंच संघ की बैठक का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को गुलाल और पुष्प माला के साथ सम्मानित किया गया। इसमें सरपंच संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले 46 ग्रामों के सभी नवनिर्वाचित सरपंचों के सहमति से पदाधिकारियों का गठन किया गया। इसमें सरपंच संघ के अध्यक्ष लिबरू राम नाग, उपाध्यक्ष दुर्गावती नाग, उपाध्यक्ष हरिराम मरकाम, कोषाध्यक्ष जयराम बघेल, सचिव सूबेदार बघेल, मीडिया प्रभारी रमेश मंडावी, सोशल मीडिया प्रभारी भीमचंद नाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित सरपंचों का प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें उपस्थित सभी सरपंचों के द्वारा सरपंच संघ जनपद पंचायत दरभा का गठन करते हुए सरपंच संघ के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारणी का गठन किया गया।

## ब्लाक सरपंच संघ के अध्यक्ष बने रिमाधर बघेल



**बकावंड।** अटल समरसता भवन बकावंड में सरपंचों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में ब्लॉक सरपंच संघ के गठन के संबंध में चर्चा कर सभी सरपंचों की सहमति से निर्विरोध सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सरपंच संघ संरक्षक चंपा सूर्यवंशी, मोंगरापाल, अंबाली बघेल कोहकापाल व तिलोत्तमा मौर्य बारदा, सलाहकार डमरू मौर्य बकावंड, अध्यक्ष रिमाधर बघेल पीठापुर, उपाध्यक्ष गोपाल कश्यप जैतगिरी, फुलमनी कश्यप चिउरगांव, सचिव संतोष कश्यप छोटे देवड़ा, सह सचिव अनिता कश्यप नारावंड, कोषाध्यक्ष धनपति नाग चोलनार, महामंत्री चक्रधर कश्यप सौतपुर, प्रवक्ता जयमनी कश्यप संधकरमरी, धनमती भारती राजनगर, मीडिया प्रभारी मधुसूदन कश्यप उलनार, नीलम कश्यप कोसमी, संतोष सतलावंड तथा कार्यकारिणी सदस्य सोनसिरा कर्मा झार उमरगांव, अर्जुन कश्यप बेड़ा उमरगांव, भगवती भारती बजावंड, नवतन कर्मा सतोषा, आसमती तारापुर, जोगेंद्र बघेल मरेठा, कुलधर कश्यप गारेंगा नियुक्त किए गए हैं। सभी सरपंच पदेन कार्यकारिणी सदस्य रहेंगे।

# बच्चों ने एकलव्य आवासीय विद्यालय में सफलता प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरी



बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा राजपुर के बच्चों ने एकलव्य आवासीय विद्यालय की कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। इस परीक्षा में 5 बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से स्थान हासिल किया, जो विद्यालय के लिए एक गर्व का विषय है। शाला की शिक्षिका गिरिजा साहू की कठिन मेहनत और समर्पण का यह परिणाम है कि बच्चों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने विशेष तैयारी की, जिससे उन्हें सफलता मिली। प्रधान पाठक शोभी राम बघेल और एजेस कुमार साहू का भी इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय में बच्चों और उनके पालकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। यह सफलता न केवल बच्चों के लिए बल्कि पूरे गांव और शाला के लिए एक गर्व की बात है। अब विद्यालय का अगला लक्ष्य है, आने वाले वर्ष में बच्चों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए भी तैयार करना ताकि वे और भी बड़ी सफलता प्राप्त कर सकें। इस सफलता के बाद, शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चे भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने की उम्मीदों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## उपमुख्यमंत्री ने शहीद सुबरनाथ यादव की प्रतिमा का किया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दंतेवाड़ा जिले के तुमनार में बस्तर फाइटर्स के जांबाज आरक्षक अमर शहीद स्व. सुबरनाथ यादव जी की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक के तहत उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने भाग लिया। स्व. सुबरनाथ यादव बस्तर फाइटर्स छत्तीसगढ़ पुलिस की एक विशेष इकाई के सदस्य थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद सुबरनाथ यादव का बलिदान हमें नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में और दृढ़ता से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनकी वीरता और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया जो पर्यावरण संरक्षण और शहीद की स्मृति को जीवित रखने का प्रतीक है।



## महाराजा और महारानी माता की पूजा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नवरात्रि पर पांचवे दिन प्राचीन मुख्य हिंगलाज माता मूल सिद्धपीठ पर माता भवानी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। माता को नगर भ्रमण कराया गया जहां माता की डोली का स्वागत किया गया। इसके उपरांत माता की भव्य दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई और माता का श्रृंगार पूजन किया गया। ठाकुर अजय सिंह बैस के आग्रह पर बस्तर महाराजा और महारानी अनुष्ठान में सम्मिलित हुई। वे मंदिर का शिखर कलश चढ़ा कर माता देवी का प्रथम पूजन कर आम जनता के लिए लोकार्पित किया। इस मौके पर ग्रामीणों, पुजारी सेवादार, मांझी, चालाकी, पुजारी सहित बैंस परिवार के वरिष्ठ ठाकुर अनिल सिंह बैस, मुख्य यजमान सतेंद्र सिंह बैस, स्नेहलता बैस, मोहन सिंह बैंस, ठाकुर अजय सिंह बैस,नेहा देवांगन, रंजना देवांगन, सिंह बैस, अर्जुन पुजारी, चैन पुजारी समस्त पुजारी परिवार उपस्थिति रहे।

■ हिंगलाज सिद्धपीठ में नवरात्र पर गूंज रही है वैदिक मंत्रोच्चार

# सैकड़ों युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




भाजपा कार्यालय में नानगुर मंडल, जगदलपुर मंडल के सैकड़ों युवाओं ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। प्रवेश करने वाले युवाओं को विधायक ने पटका पहना कर भाजपा में प्रवेश कराया। किरण देव ने कहा सभी युवाओं का भाजपा में स्वागत है। आप जिस मण्डल में निवासरत है वहां के मंडल अध्यक्ष से मिलकर नियमानुसार प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर सूचीबद्ध तरीके अपना नाम दर्ज कराएं। विधायक ने कहा पटका पहनकर भाजपा प्रवेश का तभी मतलब है जब आप पार्टी को संगठन को मजबूत करने का का काम करेंगे। आप अच्छा काम करेंगें तो आगे चलकर पार्टी में आप आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर विधाशरण तिवारी ने भी नव प्रवेषी कों सम्बोधित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, मनोहर तिवारी, आर्यन आर्य, प्रकाश रावल, अविनाश सिंह, संजय चन्द्राकार, मनोज जंगम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## दिगम्बर जैन संत मुनिश्री का हुआ नगर आगमन

**जगदलपुर।** आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य दिगम्बर जैन संत मुनिश्री 108 आगमसागर, मुनिश्री पुनीत सागर, ऐलक श्री धैर्यसागर एवं ऐलक श्री स्वागत सागर का शुक्रवार को महाराणा प्रताप चौक लालबाग से नगर प्रवेश हुआ। इस दौरान जैन समाज के महिला-पुरुष, वृद्ध, बच्चों व अन्य समाजों के प्रमुख भी मौजूद थे। लालबाग स्थित आचार्य विद्यासागर कीर्ति स्तम्भ स्थल पर मुनि संघ की आत्मीय अगवानी की गई। मुनि संघ के स्वागत में जुटे भक्तों ने मुनिश्री के चरणों में श्रीफल चढ़ा आशीर्वाद लिया। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन और सचिव संजय जैन ने बताया मुनिसंघ के विहार के दौरान समाज के सभी का पूरा साथ और सहयोग मिला।

### 30 सिलेण्डर व नगद के साथ तीन शातिर गिरफ्तार



जगदलपुर। बोधघाट पुलिस ने तीन शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जिन्होंने गैस गोदाम से सिलेण्डर चोरी की घटना को अंजाम दिए था। आरोपियों के कब्जे से 43 हजार रूपए के 30 सिलेण्डर व नगद 47 हजार रूपए बरामद किया गया है।
प्रार्थी सतेन्द्र शुक्ला ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि ग्राम नकटी सेमरा में स्थित इण्डेन कंपनी का गैस गोदाम है जहां से दो दिन पूर्व रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा गोदाम के खिड़की का राड को तोड़कर गोदाम में घुसकर गोदाम में रखा इण्डेन कंपनी का 5 किलो का 30 नग सिलेंडर व नगद 47 हजार 5 सौ रूपए 5 चोरी कर ले गया हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले की पड़ताल शुरू की गई। टीम द्वारा घटनास्थल का अवलोकन कर संदेह के आधार पर गोदाम में काम करने वाले कर्मचारियों से कड़ाई से पूछताछ किया गया। मामले में आरोपी उमेश नाग 23 वर्ष, श्याम सुन्दर 20 वर्ष तथा राम नाग 20 वर्ष तीनों निवासी नकटी सेमरा मांझी पारा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए नगद व सिलेण्डर बरामद करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर, एसआई अरूण मरकाम, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम, चोवा दास गेंदले, हरेंद्र मेडतीया, आरक्षक होरी लाल आर्मो, नारायण कलामे व भैरव सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नक्सलगढ़ नुलकातोंग में खुला नया सुरक्षा कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित नुलकातोंग में गुरूवार को नया सुरक्षा कैम्प खोला गया। इस कैम्प के खुलने के बाद कोंटा से गोलापल्ली, किस्टाराम को सीधा कनेक्ट करने के दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम बताया जा रहा है। गौरतलब है कि छग शासन द्वारा नियद नेल्ला नार योजना के तहत नुलकातोंग में सुरक्षा कैम्प की स्थापना की गई है।

■ कोंटा से गोलापल्ली व किस्टाराम को सीधा कनेक्ट करने के दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम

कैम्प के खुलने से एक ओर जहां कोन्टा से गोलापल्ली-किस्टाराम सीधे कनेक्ट हो जाएगा और सफर की दूरी पहले से आधा घटकर 40 किमी हो जायेगी जिसका सीधा फायदा आम जनता को मिलेगा। इस 12 मासी सड़क निर्माण कार्य मे गति लाने विकासमूलक योजनाओं को जनता तक पहुंचाने एवं माओवादियों गतिविधियों को अकुंश लगाने के उद्देश्य से कैम्प की स्थापना की गई है। जिला सुकमा के अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो में तेजी लाने आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी दतेंवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप व डीआईजी सीआरपीएफ सूरजपाल वर्मा के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण, कमाण्डेन्ट सीआरपीएफ 218 वाहिनी खालीद खान, एएसपी उमेश प्रसाद गुप्ता व आकाश राव गिरपूंजे के निर्देश में छग शासन से संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत जिला सुकमा एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र कोंटा-गोलापल्ली मार्ग में नवीन सुरक्षा कैम्प नुलकातोंग की स्थापना की गई।

### 13 माह में 13 कैम्प स्थापित

*जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024 से अब तक 13 माह में सुकमा जिले में सुरक्षा बलों द्वारा 13 नवीन कैम्पों की स्थापना टेकलगुड़ेम, पुवर्ती, मुकराजकोण्डा, दुलेड़, पुलनपाड़, लखापाल, तुमालपाड़, रायगुडेम, गोलाकोण्डा, गोमगुड़ा, मेटागुड़ेम, उसकावाया व नुलकातोंग में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित की गई है। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है। जिसके चलते वर्ष 2024 से अब तक नक्सल विचारधारा को छोड़कर जहां 376 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया वहीं सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ों में 48 माओवादी को ढेर कर चुके है तथा इस दौरान 351 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।*

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नरहरपुर सरपंच संघ के संदीप बने अध्यक्ष



**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर के 71 ग्राम पंचायत के सरपंच संघ के लिए एकमत नहीं होने पर चुनाव हुआ। सरपंच संघ के अध्यक्ष के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें संदीप कुंजाम को 25 वोट, सुरेंद्र कोर्राम को 17, एनबती कोर्राम को 5, निर्मला शोरी को 9 वोट प्राप्त हुए। विजयी सरपंच संघ के अध्यक्ष बनसागर ग्राम पंचायत के सरपंच है। सरपंच संघ ने अपनी टीम की घोषणा किया जिसमें उपाध्यक्ष गिरजा नेताम, सियाराम कोशमा, उर्मिला कुंजाम, सचिव सुरेंद्र कोर्राम, कोषाध्यक्ष भगवती उईके और मीडिया प्रभारी आकाश नेताम को चुना गया। इस अवसर पर सरपंच प्रशांत भास्कर, शिवप्रसाद, पुष्पा कोर्राम, हजारो गोटा आदि उपस्थित रहे।

### मां बंजारी मंदिर में आज अष्टमी पर होगी पूजा

**दुर्गुकोंदल।** हाहालददी दुर्गुकोंदल स्थित मां बंजारी मातामंदिर में



नवरात्रि के आठवें दिन महाअष्टमी में मां महागौरी की पूजा की जाती है। माँ महागौरी की पूजा इसलिए की जाती है क्योंकि उन्हें शान्ति, सुख और वैभव की देवी माना जाता है और उनकी पूजा से भक्तों को मन की शान्ति, सुख, समृद्धि और जीवन में सकारात्मक मिलती है। पंडित तामेश्वर प्रसाद तिवारी ने बताया कि आज महाअष्टमी हवन पूजन का समय मां बंजारी माता मन्दिर में पहाड़ी ऊपर प्रात 11 बजे से एवं नीचे मन्दिर डेढ़ बजे से प्रारम्भ होगी।

### श्री महावीर की जयंती जैन समाज ने मनाई

**भानुप्रतापपुर।** गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी जैन श्री संघ



भानुप्रतापपुर व संबलपुर के तत्वावधान में 10 अप्रैल को श्री महावीर महोत्सव के तहत समाज के द्वारा प्रातः 8 बजे संबलपुर में रैली के पश्चात प्रातः 10 बजे रैली निकाली जाएगी। वही श्री महावीर जयन्ती के एक दिन पूर्व जैन भवन भानुप्रतापपुर में 9 अप्रैल को प्रातः 8 बजकर 1 मिनट से 9 बजकर 36 मिनट तक नवकार मंत्र जाप किया जाना है। भानुप्रतापपुर जैन समाज के अध्यक्ष कपूर चंद बागरेचा, संबलपुर जैन समाज के अध्यक्ष पारसमणी बोथरा, सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### घायल की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत घोड़दा निवासी चंद्रशेखर मंडावी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया, जिसका ईलाज के दौरान मौत हो गया। जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन चालक के द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट करने से गंभीर चोट आने के कारण 17 मार्च को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत खैरकट्टा निवासी कारेबाई बोगा को 2 अप्रैल को सांप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत हो गया। खैरकट्टा निवासी लालसाय ने पुलिस को बताया कि मृतिका खेत में काम करने के लिए गई थी। इसी दौरान सांप ने काट लिया। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

# सिलपट में माता कर्मा जयंती मनाई एवं साहू समाज गरुड़ ध्वज फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव ग्राम सिलपट लोहत्तर में साहू समाज के आराध्य भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी जयंती के आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल हुई। अतिथियों के द्वारा माँ कर्मा के तैलचित्र में पूजा अर्चना एवं साहू समाज के प्रतीक गरुण पक्षी ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर साहू समाज के सामाजिक भाइयों एवं बहनों के द्वारा माता शीतला की पूजा अर्चना करके शीतला प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली गई।

आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि ने कहा कि माँ कर्मा अपने जीवन मे कर्मभक्ति को आधार मानकर भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न किया और अपने हाथों से खिचड़ी का भोग लगाती थी, इसीलिए जगन्नाथपुरी पूरी में मा कर्मा की ऐतिहासिक मंदिर में आज भी खिचड़ी का भोग जगन्नाथ को पहले लगाया जाता है उसके बाद दर्शन के लिए पट खोला जाता है। विधायक के द्वारा साहू समाज को कर्मा सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृती प्रदान करने का आश्वासन दी है। कर्मा महोत्सव के महत्ता को बताते हुए जिला साहू समाज के संरक्षक केआर गजबल्ला द्वारा माता कर्मा की जीवनी को बताया। सरपंच



बसंती भालेश्वर एवं ग्राम गायता व पटेल के द्वारा साहू समाज के लिए 10 डिसमिल जमीन आरक्षित किया है। प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने समाज में आए हुए महिलाओं की उपस्तिति सराहनीय किया। समाज के लोगों को एकजुट रहकर सामाजिक गतिविधियों को संचालन करना चाहिए। कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत साहू, गौरीशंकर साहू, केआर गजबल्ला, गोपी बढ़ाई, आनंद तेता, हुमन मरकाम, जितेन्द्र साहू, टीकम साहू, बोधन साहू, अरुण साहू, विकास राजू नायक, धन्नूराम साहू, नीरज कोसमा, टीकाराम साहू, अर्जुन साहू, भुनेश्वर साहू, मंचासीन अतिथिगण एवं साहू समाज के सात परिक्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही।

### सियासत : भाजपा के सेवा पखवाड़े पर डा. आंबेडकर की जयंती भी मनाई जाएगी

# भाजपा स्थापना दिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा बैठक में बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर में भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा, जिसकी संपूर्ण व्यवस्था और तैयारियों के लिए मंडल अध्यक्ष भाजपा डीगेश खापर्डे कि अध्यक्षता में 4 अप्रैल को बैठक संपन्न हुआ।

- मतदान केंद्रों के सभी घर, अटल चौक पर भाजपा के झंडे को फहराने का अवाहन

बैठक में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक के सफर पर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलने के लिए 13 शक्ति केंद्रों के प्रभारी और सह प्रभारी की नियुक्ति की गई। मंडल अध्यक्ष ने कहा की जनसंघ के दौर से लेकर दो व्यक्तियों के सांसद बनने के बाद आज विशाल बरगद के पेड़ की भांति भारतीय जनता पार्टी पूरे भारत देश में अपना परचम लहरा रही है। मुझे गर्व है कि मैं भारतीय जनता पार्टी का एक सिपाही हूं, हम सभी को मिलकर भारतीय जनता पार्टी के नए सदस्यों का विधिवत स्वागत करना है और अपनी रीति नीति से जोड़कर भाजपा में प्रवेश दिलाना है। बैठक में सेवा पखवाड़ा के विधानसभा संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान ने कहा कि मतदान केंद्रों के सभी घरों में, अटल चौक में भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहराने का अव्हान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर ने बताया कि 1980 में स्थापित भाजपा आज कम समय में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव रखता है। 2014 से लेकर 2025 तक भारत की विकास यात्रा




पूरा विश्व देख रहा है। आज पंच से प्रधान तक भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहे हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी मतदान केंद्रों पर विभिन्न कार्यक्रम, जैसे स्वच्छ भारत स्वच्छ ग्राम के अंतर्गत सफाई अभियान, अस्पतालों में जाकर सेवा कार्य, अटल चौक की सफाई के साथ साथ प्रत्येक कार्यकर्ता के घर में भाजपा ध्वजारोहण, आतिशबाजी, भाजपा के पितृपुरुष और जनसंघ के नेताओं का सम्मान सहित वृहद जनसंपर्क कर भाजपा के विचार से प्रभावित लोगों का पार्टी में स-सम्मान सदस्यता ग्रहण कराना, साथ ही भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यों का विशाल विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित करना सुनिश्चित किया गया।

बैठक में प्रदेश अनूसूचित जनजाति मोर्चा के कोषाध्यक्ष छत्रप्रताप दुग्गा, जिला उपाध्यक्ष टीकम टांडिया, मंडल संयोजक ज्वाला जैन, सदस्य योगेश सोनवानी, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन, हेम सोनवानी, ललित गांधी, मंत्री अनीश मिश्रा, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, गिरधारी लाल नरेटी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरिता जोशी, रजिंदर रंधावा, उर्मिला जसूजा सीता चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रेमबती उसेंडी, प्रीति प्रधान, हेमप्रकाश शिवहरे, रमेश कुमार तिवारी, कस्तूरचंद जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, चैतू राम, रवि ठाकुर, ढालन सिंह राणा, संतोष सचदेव, गुलाब देहारी, सुरोजित विश्वास, प्रमोद तिवारी, सुरेश प्रजापति, रमल सिंह कोराम, राजेंद्र धूर्वा राजेंद्र समरथ जागेश्वर जगा नरेटी, चिंताराम, बिहारी, पंचराम दुगा, वीकेन साहू, शिशुपाल पटेल, धर्मेंद्र, लक्ष्मण कुलदीप, हरि यादव, मनोज रावटे, कमलदेव जैन, रोशन ठाकुर, प्रीतम भोयर, गौतम उसेंडी, लखन लाल साहू, भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# घर में घुसकर की मारपीट जान से मारने की दी धमकी आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर अंतर्गत सुभाष वार्ड में घर के अंदर घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट का शिकार हुई महिला ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 35 वर्षीय रानू दुबे पिता स्व. रमेश प्रसाद दुबे ने पुलिस को बताया कि 3 अप्रैल को दोपहर 2 बजे विनोद तिवारी, वैभव तिवारी और अविनाश चौबे तीनों हमारे घर में घुसकर मेरे बड़े भाई सुशील दुबे का गला दबाकर मारने लगे। मेरे बड़े भाई ने जोर-जोर से मदद के लिए आवाज लगाया। मै अंदर में थी, आवाज सुनकर किचन रूम में आई और घर से लगा हुआ दुकान में बैठा अनिल दुबे को आवाज लगाकर बुलाई। विनोद तिवारी, वैभय तिवारी, अविनाश चौबे ने मुझे देखकर थाने क्यों गए थे, बोलकर गाली देते हुए मारपीट करने लगे और बड़ी बहन ममता दुबे का पहने हुए कपड़े को फाड़ दिए। मधु तिवारी ने घर अंदर आकर गाली देने लगी और अभी तुम लोगों के साथ बहुत कुछ होना बाकी है, अभी कोई नहीं बचेगा बोलकर धमकी देने लगी, जिसके बाद हम लोग बीच-बचाव करते हुए अपने घर से बाहर निकलने लगे, तभी वैभव तिवारी बाहर से बांस का डंडा लाकर मारने लगा, जिससे मेरे कलाई में चोट आई है। वैभव तिवारी, विनोद तिवारी ने मेरे गले को दबा दिया और मेरे सोने की चैन को खींचने के कारण टूट गई। सोने की चैन को खिचने के कारण मेरे गले में सूजन एवं खरोच आ गया है। डण्डा से मारने के कारण पीट में चोट एवं सूजन आई है। मेरे भाई सुशील दुबे और अनिल दुबे, बड़ी बहन ममता दुबे को मारपीट करने के कारण चोट आई है। इसके बाद उक्त आरोपियों को बाहर निकाल कर अपने गेट को बंद कर दिए। गेट के बाहर से भी उक्त लोगों के द्वारा हम लोगों को गाली दिया गया व जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 333, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शराब दुकान खोलने के विरोध में किया प्रदर्शन व तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकास खण्ड नरहरपुर अन्तर्गत तहसील सरोना में शासकीय शराब दुकान खुलने के विरोध एवं सरोना एवं क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री को बंद कराने के मांग को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय क्रांति चेतना पार्टी के द्वारा विशाल रैली निकालते हुई नई शराब दुकान खोलने के विरोध एवं अवैध रुप अंग्रेजी शराब बिक्री को बंद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया।



भगवती मानव कल्याण संगठन के महिलाएं रंजना एवं पूर्णिमा मरकाम ने कहा कि युवा वर्ग नशे में लिप्त होकर बर्बाद हो रहे है, शिक्षा के क्षेत्र में उनका ध्यान नहीं रहता है। पढ़ाई और लिखाई को छोड़कर नशीले पदार्थों के सेवन कर घर परिवार में अशांति फैला रहे हैं। सरोना क्षेत्र में अवैध रूप से अधिक दर पर अंग्रेजी शराब बेची जा रही है, जिससे घर परिवार उजड़ रहे है। जुआ व सट्टा में पैसा, गहने का बर्बादी कर रहे है। बच्चे अनपढ़ ,गवांर बने, मां, बाप और पत्नी बेसहारा बने, ऐसी व्यवस्था नहीं चाहिए। सरकार हमें विभिन्न जनकल्याणकारी विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं को लागू करें और जितने भी शराब दुकान प्रदेश में चल रहे हैं उसे संज्ञान में लेकर तत्काल बंद करने की कार्यवाही करें। भगवती मानव कल्याण संगठन सरोना के अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार खगरिया एवं सभी सदस्यों ने सरकार को शराब दुकान बंद करने की अपील किया। और अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की नशा नाश की जड़ है, शराब के नशे में सुख-शांति, घर परिवार, खेत-खलिहान , रूपया -पैसा सब बर्बाद हो रहा है। सरकार को चाहिए कि शिक्षा, कृषि, सड़क, बिजली, पानी, जल संसाधन जैसी योजना बनाकर लोगों को प्रेरित करना चाहिए। समूह संगठन के महिलाओं कहना है कि भले महतारी वंदना बंद कर दें, हमें नहीं चाहिए ऐसी व्यवस्था एक तरफ लोक लुभावन बातों में बहला फुसलाकर जगह जगह सरकारी शराब दुकान खुलवा रही है और सरकार घर परिवार को तबाह कर रही है। सभी महिलाओं ने सरकार को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान बंद करने की अपील किया है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान नरेश नेताम, हेमंत साहू, राजेश नेताम, मुन्ना लाल यादव, शत्रुघन मरकाम एवं महिला संगठन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।










